तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 3 नवंबर 2025



11 नागरिक अस्पताल के चिकित्सकों के सहारे.....



11 आज शिक्षकों के समक्ष अनेक मानसिक चुनौतियां





## खबर संक्षेप

### फायरिंग के आरोपित मौके से फरार

**पूंडरी।** कस्बा पूंडरी की पाश कालोनी हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कालोनी में एक मकान पर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। रात को करीब 12 बजे बाइक पर आए दो बदमाशों ने मकान पर पांच राउंड फायरिंग की। जैसे ही लोग गोलियों की आवाज सुनकर घरों से बाहर निकले तो दोनों आरोपित बाइक समेत मौके से भाग गए।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव कंडेला से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कंडेला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई।

### पशु तस्करी का आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**कलायत।** कलायत पुलिस ने गौ तस्करी के एक बड़े प्रयास को सफलतापूर्वक विफल कर दिया है। दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे से दो गौ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें कोर्ट में पेश कर पुलिस ने दो दिन का रिमांड लिया है। थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 4:00 बजे उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे पर एक पिकअप गाड़ी में गोवंश की तस्करी की जा रही है।

### दो पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस के साथ दो काबू

**जींद।** जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से दो पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ गांव झमोला मे गश्त कर रहा था। गांव के निकट एक युवक पुलिस पार्टी को देख कर भागने लगा था।

### बुरा अंजाम भुगतने की धमकी का आरोप, केस

**जींद।** शहर थाना इलाके की महिला को झांसे में दे दुष्कर्म करने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज किया है। शहर थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव मकरोली जिला संगरूर निवासी जसप्रीत से जान पहचान रही है।

### राष्ट्रीय ई गवर्नेंस पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा राष्ट्रीय ई.गवर्नेंस पुरस्कार योजना 2026 के अंतर्गत ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय ई गवर्नेंस पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य ई गवर्नेंस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करना और प्रशासनिक सुधारों को बढ़ावा देना है।

### प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता 11 से

**जींद।** प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 13 नवंबर तक अंबाला व पंचकूला जिले में होगा। इसमें प्रदेशभर से लगभग चार हजार खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। जिसमें से जींद से लगभग 300 खिलाड़ी भाग लेंगे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**राजौंद।** पूंडरी मार्ग पर स्थित एम डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद में सूद हॉस्पिटल की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आंख विशेषज्ञ डॉ राजीव सूद और नाक,कान और गला विशेषज्ञ डॉ रुचिका सूद द्वारा जांच की गई। इस दौरान 629 के लगभग मरीजों ने जांच करवाकर लाभ उठाया। यह शिविर निःशुल्क लगाया गया।

# शाम होते ही आंखों में जलन, पराली में आगजनी ने बढ़ाई परेशानी

## कैथल में आगजनी के 11 मामले सामने आ चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले के एयर क्वालिटी इंडेक्स अचानक से बढ़कर खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। शुक्रवार को एक्यूआइ मात्र 108 था। शनिवार को 326 दर्ज किया गया था और रविवार को इसका स्तर बढ़कर 342 दर्ज किया गया है। यह स्तर बहुत ज्यादा खराब की श्रेणी में आता है। पांच दिन पहले जिला ग्रीन जोन में आ गया था, लेकिन अब जिला रेड जोन में आ चुका है। जिला अब गैस चैंबर बना चुका है और आंखों में जलन शुरू हो गई है। शाम के समय तो घरों से निकलना भी मुश्किल हो रहा है। सांस के रोगियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। अब धान अवशेष में आगजनी के मामले भी बढ़ रहे हैं। आगजनी के 11 मामले अभी तक सामने आ चुके हैं। प्रशासन की तरफ से किसानों पर केस दर्ज करवाए जा रहे हैं और जुर्माना भी लगाया जा रहा है। हालांकि पिछले साल आगजनी के मामले ज्यादा थे और इस बार कम ही मामले सामने आए हैं। प्रशासन की तरफ से हरसेक के माध्यम से लोकेशन मिलने के बाद खेतों का निरीक्षण किया जाता है। कई एसे मामले भी सामने आए हैं कि अवशेष में आगजनी की जा रही है, लेकिन प्रशासन की टीम को इसकी कोई सूचना नहीं मिली है। आगजनी ज्यादा हो रही है और केस कम दर्ज किए जा रहे हैं। हालांकि जिला प्रशासन की तरफ से एक्यूआइ के स्तर को कम करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। प्रशासन ने पिछले साल इन दिनों में वृक्षों पर पानी का छिड़काव शुरू करवा दिया था। पानी का छिड़काव करने से वृक्षों पर जमा धूल साफ हो जाती है और वृक्ष ज्यादा मात्रा में आक्सीजन छोड़ते हैं। इसके अलावा जिन स्थानों पर ज्यादा धूल उड़ती है वहां भी पानी का छिड़काव करवाया जाता था। प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द पानी का छिड़काव शुरू करवाया जाए।

### एक्यूआइ के स्तर का प्रभाव

| एक्यूआइ | स्तर | स्वास्थ्य पर प्रभाव |
|---|---|---|
| 0-50 | अच्छा | कोई नुकसान नहीं |
| 51-100 | सामान्य स्तर | बीमार लोगों के लिए थोड़ा नुकसान |
| 101-200 | थोड़ा खराब | सांस के रोगियों के लिए नुकसान |
| 201-300 | खराब | सामान्य लोगों को सांस लेने में परेशानी |
| 301 से 400 | ज्यादा खराब | आंखों में जलन-सांस लेने की परेशानी |

### पांच दिन का एक्यूआइ

| दिन | एक्यूआइ |
|---|---|
| रविवार | 342 |
| शनिवार | 326 |
| शुक्रवार | 108 |
| वीरवार | 204 |
| बुधवार | 91 |

### बचाव के उपाय

आंखों पर चश्मा लगाकर चलें, सांस की परेशानी है तो मुंह पर मास्क लगाएं, कचरे के ढेर में आग ना लगाएं, अपने आस-पास खड़े वृक्षों पर पानी का छिड़काव करें, धान के अवशेषों में आग न लगाएं, भवन निर्माण सामग्री को ढक कर रखें, कहीं आग लगी दिखे तो उस पर पानी डाल दें





कलायत। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के गोदाम में खराब पड़ी गेहूं की बोरियां।

# लापरवाही के कारण गोदाम में खराब हो रहा अनाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के रामगढ़ रोड स्थित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग गोदाम में रखे गए गेहूं की सुरक्षा हेतु स्थानीय लोगों ने गेहूं के रखरखाव में लापरवाही के आरोप लगाए हैं स्थानीय लोगों का आरोप है कि गोदाम में रखे गए गेहूं की ठीक से रखरखाव नहीं होने के कारण गेहूं खराब होने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है उन्होंने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की तरफ से पिछले कुछ दिनों से देर रात्रि तक कार्य किया जा रहा है और इस दौरान धूंध के मौसम को देखते हुए तिरपाल भी नहीं डाली जा रही है गेहूं के गोदाम को स्टैगो को खुला छोड़ दिया गया है जिस कारण गेहूं खराब हो सकती है स्थानीय निवासी रवि कुमार जोगिंदर विनोद ने बताया कि ठंड के शुरुआती सीजन में मौसम में नमी की मात्रा बढ़ जाती है ऐसे में रामगढ़ रोड के नजदीक बने गोदाम में स्टैगो को खुला छोड़ दिया गया है। उन्होंने आशंका जाहिर की की गोदाम में गेहूं का ठीक से रखरखाव नहीं होने के कारण गेहूं से भर बहुत से कट्टे खराब हो गए है।

### ये बोले प्रबंधक

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग प्रबंधक सुरेश कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से स्पेशल लगी हुई है। गेहू के कट्टे उठाने के बाद जो कट्टे नीचे बच जाते हैं उन्हें ऊपर स्टेगो पर लगाया जा रहा है। ताकि साधनों के लिए जगह बनाई जा सके इसके अलावा गेहू के स्टेगो को खुला नहीं छोड़ा जाता है तो पसीना लेकर गेहू खराब हो सकता है। इसलिए उन्हें खुला छोड़ जाता है इसके अलावा कीटों से रखरखाव के लिए दवाई भी रखी है। दावा किया कि गोदाम में पूरी पारदर्शिता से गेहू का रखरखाव किया जा रहा है।

## होटल, बैंक्वेट हाल, ब्यूटी पार्लर सब फुल, बाल विवाह रोकने के लिए टीम अलर्ट

# देवउठनी एकादशी: जिलेभर में 500 से अधिक जोड़े शादी के बंधन में बंधे

### ज्वैलर्स, कपड़े, फर्नीचर, इलेक्ट्रोनिक्स दुकानों पर आइटमों की धूम

**बैंडबाजे, फोटोग्राफरों, गाड़ी चालकों, हलवाइयों को फुर्सत नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देवोत्थान एकादशी के साथ ही रविवार को शादियों का धूम-धड़ाका शुरू हो गया है। नवंबर माह में शादियों के लिए शुभ मुहूर्त 2, 3, 7, 8, 12, 13, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29, 30 हैं जबकि दिसंबर माह में केवल चार मुहुर्त हैं। ऐसे में जिलेभर में देवोत्थान एकादीश पर लगभग 500 से अधिक जोड़े शादी के पवित्र बंधन में बंधे। वहीं बाल विवाह को रोकने के लिए जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम लगातार विवाह समारोहों में दस्तक देती रही। शादी के लिए होटल, बैंक्वेट हालों को खूबसूरती से सजाया गया और सभी की एडवांस बुकिंग पहले ही हो चुकी थी। शुभ कार्य के अबुझ मुहुर्त के चलते टैंट हाउस, हलवाई, पंडितों, ब्यूटी पार्लर संचालकों, बैंड बाजे वालों, फोटोग्राफरों, वीडियो फिल्म मेकरों, गाड़ी चालकों को सांस लेने की फुर्सत नहीं मिल पा रही थी। वहीं विवाह समारोह के चलते बाजार में आम दिनों की अपेक्षा कम भीड़ रही। बाजार में ज्वैलर्र्स, कपड़े, फर्नीचर एवं इलेक्ट्रोनिक्स दुकानदारों के यहां आगामी विवाह मुहुर्त को देखते हुए सामान की खरीददारी करने पहुंचे थे। देवोत्थान एकादशी पर रविवार को सुबह ही शादी की गाड़ियों को डेकोरेट करने वाले दुकानदारों की दुकानों के आगे वाहनों की लंबी लाइन लगनी शुरू हो गई थी। बत्तख चौंक के निकट अधिकतर वाहन सजाने की दुकानें है। हर एक दुकान के आगे कारों की लंबी लाइनें लगी थी। दुकानदारों के कारिंदे इन वाहनों को सजाने के लिए लगे थे। शहर की अधिकतर धर्मशालाओं में भी विवाह समारोह को लेकर एडवांस में बुक्कूषकंग रही। शहर में लगभग सौ से अधिक ब्यूटी पार्लर हैं। रविवार को सभी ब्यूटी पार्लरों पर सजने संवरने के लिए दुल्हनों व अन्य युवतियां सुबह होते ही पहुंच गई थी। अबुझ शुभ महुर्त को देखते ब्यूटी पार्लरों को पहले ही बुक किया जा चुका था। पलक ब्यूटी पार्लर की मालिक रंजना ने बताया कि लड़की की फिटनेस, रंग-रूप के अनुसार ही श्रृंगार होता है।



जींद। विवाह को लेकर सजा घर। फोटो :हरिभूमि



जींद। विवाह को लेकर गाड़ी सजाते फूल वाले। फोटो :हरिभूमि

### दिसंबर माह में चार महुर्त

जयंती देवी मंदिर के पंडित नवीन शास्त्री ने बताया कि देवोत्थान एकादशी के साथ ही शादियों का शुभ महुर्त शुरू हो गया है। दिसंबर माह में शादी के लिए शुभ मुहूर्त 4, 5, 6, 12 दिसंबर रहेगा। हिंदू धर्म के अनुसार देवोत्थान एकादशी के दिन जब भगवान विष्णु शयना अवस्था से उठते हैं उसके बाद ये ही मांगलिक कार्यक्रमों की शुरूआत होती है। पिछले चार माह से भगवान विष्णु क्षीर सागर में शयन कर रहे थे। रविर को मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो गई है।



# ओवरलोड वाहन बन रहे सिरदर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद के कैथल असंध मार्ग पर टूटी हुई सड़क व ओवरलोडिंग पराली वाले ट्रैक्टर ट्रालियों ने वाहन चालकों की नाक में दम किया हुआ है। आलम यह है की मुख्य मार्ग पर वाहन चालकों को इन आवर लोडिंग वाहनों के पीछे पीछे चलने को मजबूर होना पड़ रहा है। कुछ तो टूटी हुई सड़क ने लोगों को पहले ही परेशान किया हुआ है और जब यह पराली से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां मार्ग से निकलते हैं तो लंबा जाम तक लग जाता है। सबसे ज्यादा समस्या वाहन चालकों के साथ-साथ दुकानदारों को झेलनी पड़ रही है। क्योंकि काम चौपट होकर रहा है।



राजौंद। सड़क से गुजर रहे पराली से भरी ट्रैक्टर ट्राली के पीछे वाहनों की लगी लाइन।

### प्रशासन के प्रति बढ़ रहा रोष

पिछले लंबे समय से इस सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा। जिसे लेकर लोगों में आए दिन रोष बढ़ रहा है। सड़क पर कई बार वाहन फंस जाते हैं और 5 मिनट के सफर पर एक घंटा तक खड़े रहने को मजबूर होना पड़ जाता है। पिछले दिनों जिला उपायुक्त द्वारा सड़क निर्माण को लेकर 2 अक्टूबर तक कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन संबंधित विभाग ने 2 महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया। जिसे लेकर लोगों में आए दिन प्रशासन के प्रति रोष बढ़ रहा है।

### टांग तोड़ने के मामले की जांच के लिए टीम गठित

**कैथल।** पंजाब के गांव चिचड़वाली निवासी डा. गुरचरण का बंदूक के बल पर अपहरण कर टांग तोड़ने के मामले की जांच के लिए सात टीमें लगी हुई हैं। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में कैथल की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट टीम ने वारदात में शामिल तीन से चार बदमाशों की पुख्ता पहचान कर ली है। अभी सभी बदमाश फरार हैं और टीमें बदमाशों के स्वजन से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि वारदात करने वाले पंजाब एरिया में सक्रिय बदमाश हैं और उन पर पहले भी कई केस दर्ज हैं। वारदात में प्रयुक्त गाड़ी और बाइक का भी पता लगाया जा चुका है। वाहनों के नंबरों पर मिट्टी लगाई हुई थी। पांच दिनों से कैथल पुलिस की टीमें लगातार हरियाणा और पंजाब एरिया के गांव-गांव जाकर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं।

# कैंटर चालक ने मारे ब्रेक, पीछे से टकराई रोडवेज बस, हादसा टला

**बस में उस समय करीब पचास यात्री सवार थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अंबाला रोड पर शनिवार करीब दस बजे रोडवेज डिपो की बस आगे चल रहे कैंटर से टकराई गई। बस में उस समय करीब 50 यात्री सवार थे और गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। कैंटर के आगे अचानक के दो से तीन भैंस आ गई थी और उन्हें बचाने के चक्कर में हादसा हो गया था। कैंटर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए और बस चालक को भी ब्रेक लगाने पड़े। हादसे में बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था और दूसरी बस में सवारियों को बैठाया गया था। कैंटर के ड्राइवर सुनील ने बताया कि वह रात को पिहोवा की तरफ से कैथल आ रहा था।

उसके कैंटर में अमेजोन के पार्सल भरे थे। जैसे ही वह कैथल पहुंचा तो उसके सामने तीन चार भैंस आ गई। उसने कैंटर के ब्रेक लगा दिए। जिससे पीछे आ रही रोडवेज बस ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। जिससे कैंटर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस और कैंटर दोनों ही पिहोवा की तरफ से आ रहे थे। बस जैसे ही अंबाला रोड चौकी के नजदीक पहुंची तो अचानक कैंटर के सामने भैंस आ गई और यह हादसा हो गया।

### सभी यात्री सुरक्षित

मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी एसआई मनवीर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई थी। कैंटर के आगे पशु आने के कारण हादसा हुआ। दोनों ड्राइवरों को समझाकर भेज दिया था। हालांकि वाहन क्षतिग्रस्त हैं, लेकिन कोई यात्री घायल नहीं हुआ।

## दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव आज से प्रारंभ होगा, तैयारियां पूरी

# प्रतिभागी सिर्फ एक प्रतियोगिता में ले सकेगा भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित जिला युवा महोत्सव 2025 की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। जिले में युवाओं की ऊर्जा और उत्साह से भरपूर यह आयोजन तीन और चार नवंबर को राजकीय महिला महाविद्यालय में जींद में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के उद्घाटन सत्र में मुख्यअतिथि हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण चंद्र मिड्ढा होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा करेंगे। आयोजन की व्यवस्थाएं आईटीआई जींद द्वारा सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने बताया कि महोत्सव में जिले की सभी सरकारी एवं निजी आईटीआई से प्रतिभागी भाग लेंगे। सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मंच सज्जा, ध्वनि प्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और प्रतिभागियों के ठहराव के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। महोत्सव के लिए प्रतिभागियों के ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि दो नवंबर निर्धारित की गई थी। सभी प्रतिभागियों को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करना था। वे छात्र जो जींद जिले के किसी शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत हैं।



जींद। तैयारियों को अंतिम रूप देते आईटीआई स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### नकद पुरस्कार मिलेंगे

प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने बताया कि प्रतिभागियों की आयु सीमा 15 से 29 वर्ष रखी गई है। जिला युवा महोत्सव युवाओं के उत्साह, रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का सशक्त मंच है। जो उन्हें समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा। समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, एकल गायन, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन, कहानी लेखन, विज्ञान प्रदर्शनी जैसी प्रतियोगिताएं प्रमुख आकर्षण रहेंगी। इसके अतिरिक्त विज्ञान मेला, लोक कला प्रदर्शनी और हरियाणवी लोक संस्कृति की प्रस्तुतियां भी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी। प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक प्रतियोगिता में भाग ले सकेगा। विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जिला प्रशासन और संस्थान की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

# फर्जी काल सेंटर के चारों आरोपी 5 दिन के रिमांड पर

**अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ करेगी पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर पुलिस ने फर्जी मेटरोमोनियल काल सेंटर चला रहे तीन महिलाओं समेत चार आरोपितों को इंदौर से काबू कर इनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। चारों को रविवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने इनको पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजने के निर्देश दिए हैं। इन आरोपितों ने जींद के एडीजे से भी सात हजार की ठगी की थी। शुक्रवार शाम को साइबर थाना पुलिस ने इंदौर में फर्जी काल सेंटर दबिश देकर यहां से रितु, प्रमिला रोकड़े, प्रिया तथा सूरज धार्मिक को गिरफ्तार किया था। इन आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने 90 फोन, पांच लेपटाप तथा एक लाख 40 हजार की नकदी बरामद की थी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह ने 16 फरवरी को साइबर थाना में शिकायत दी थी। वह अपने बेटे के लिए वधु की तलाश कर रहे थे। 10 फरवरी को उनके पास अज्ञात नंबर से काल आई थी। इसके बाद अलग-अलग नंबरों से काल आई। आरोपितों ने फीस के नाम पर दो बार 3500-3500 रुपये ठग लिए है।



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

## लाइफ Style

# किआरा

## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

किआरा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में किआरा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और किआरा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, किआरा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी किआरा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि किआरा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।



## हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्स: एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यून: पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।



# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी' का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।



# किंग का टाइटल रिवील शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग' का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए




लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



### पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन' इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ' में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ' बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैमब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों में लड़की की मौत, तीन घायल

**जींद।** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक लड़की की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर वाहन चालकों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हरका जिला मुजफ्फर नगर निवासी विनोद की बेटी गुरी 14 परिजनों के साथ मजदूरी करने गांव बुडायन गई हुई थी।

### हरियाणवी गीतों पर किया छात्रों ने नृत्य

**उचाना।** ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा में हरियाणा दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। हरियाणवी गीतों पर विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत किए तो सुंदर-सुंदर गीत, कविता प्रस्तुत की। प्राचार्या डिंपल अरोडा ने कहा कि हम गर्व है कि हम हरियाणा की इस समृद्धि परंपरा और संस्कृति का हिस्सा है। आज हरियाणा की पहचान पूरे देश में है। खेलए शिक्षाए कृषि हर क्षेत्र मे आज हरियाणा आगे है।

### आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गई है। अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रविवार सुबह महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 442वां अभियान था। पार्क में पड़े पॉलिथीन व अन्य कूड़े को उठाते हुए यह संदेश देने का प्रयास किया कि स्वच्छता सभी को रखनी होगी।

### जीना उसी का सार्थक, जो प्रभु से नाता जोड़ ले

**जींद।** आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि प्रभु के साथ कोई न कोई संबंध जोड़ कर रहो, ऐसा होने पर हमारे हृदय में सदैव उनकी याद बसी रहेगी। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में आयोजित कार्तिक महोत्सव में तुलसी विवाह के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। समारोह में मां तुलसी का विवाह भक्तिपूर्ण माहौल में भगवान शालिग्राम के साथ पूर्ण वैदिक विधान व धूमधामपूर्वक संपन्न हुआ।

### उचाना में बढ़ रही विकास के कामों की रफ्तार

**उचाना।** उचाना मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि उचाना में विकास की रफ्तार विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में स्पीड पकड़ रही है। चुनाव में जो विकसित उचाना के लिए वायदे किए थे उन वायदों को पूरा करने में विधायक लगे है। आज जो सदभाव यात्रा लेकर प्रदेश में कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह निकल रहे है उनका सदभाव से कोई लेना देना नहीं है।

### हरियाणा में अपराध का राजः आदित्य सुरजेवाला

**कैथल।** विधायक आदित्य सुरजेवाला ने आज प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सैनी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में हरियाणा अपराध का अड्डा बन चुका है, जहां हत्या, अपहरण, लूट, डकैती और गैंगवार जैसी घटनाएं रोजमर्रा की बात हो गई हैं। सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा में भाजपा राज अब अपराध राज बन गया है।

### गीता जयंती पर स्कूलों में होंगी प्रतियोगिताएं

**जींद।** अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत स्कूलों में निबंध लेखन, श्लोक उच्चारण, भाषण, संवाद, प्रश्नोत्तरी व पेंटिंग प्रतियोगिताएं होंगी। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना समन्वयक व खंड संसाधन समन्वयक के नाम पत्र जारी किया है।

## औसतन आ रहे 50 मरीज, नही मिल पा रहा पूरा उपचार

# नागरिक अस्पताल के चिकित्सकों के सहारे चल रहा मेडिकल कॉलेज

### चिकित्सकों के जाने से नागरिक अस्पताल में मरीज परेशान

**हैबतपुर मेडिकल कालेज के आल**


जींद। हैबतपुर में बना संत शिरोमणि भगत धन्ना राम राजकीय मेडिकल कालेज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हैबतपुर मेडिकल कालेज बनने के बाद यहां ओपीडी शुरू हो गई लेकिन पर्याप्त चिकित्सकों की उपब्धता न होने के चलते यहां जाने वाले मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसे में मेडिकल कालेज में जांच के लिए पहुंच रहे मरीजों को नागरिक अस्पताल भेजा जा रहा है। जींद में शुरू हुआ संत शिरोमणि भगत धन्ना राम मेडिकल कालेज को अब चिकित्सकों की आवश्यकता है। अभी यहां पर किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है। जल्दबाजी में यहां ओपीडी तो शुरू कर दी लेकिन चिकित्सक नागरिक अस्पताल से उधार लेने पड़ रहे हैं। ऐसे में नागरिक अस्पताल में मरीज परेशान हो जाते हैं। दो माह पहले शुरू हुआ था मेडिकल कालेजः गांव हैबतपुर में संत शिरोमणि भगत धन्ना राम राजकीय मेडिकल कालेज लगभग दो महीने पहले शुरू हो गया था। इसके अभी तक केवल ओपीडी सेवाएं ही शुरू की गई हैं। यह ओपीडी सेवाएं भी नागरिक अस्पताल के चिकित्सकों के सहारे ही चल रही हैं। नागरिक अस्पताल से 17 चिकित्सक डेपुटेशन पर मेडिकल कालेज भेजे गए हैं। इन चिकित्सकों के जाने से नागरिक अस्पताल में मरीजों को परेशानी होती है। इसके अलावा कुछ विशेषज्ञ चिकित्सकों की ड्यूटी भी सप्ताह में दो से तीन दिन तक मेडिकल कालेज में लगाई गई है। नागरिक अस्पताल में पहले ही चिकित्सकों की कमी है। यहां पर 55 चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैंए जबकि यहां कुल 28 चिकित्सक ही कार्यरत हैं। जो चिकित्सक जाने के इच्छुक, उन्हें नही भेजा जा रहा कुछ चिकित्सक सप्ताह में चार से पांच दिन तक डेपुटेशन पर मेडिकल कालेज में सेवाएं देने की चाह रखते हैं लेकिन उन्हें डेपुटेशन पर नही भेजा जा रहा है। जिसके चलते ये चिकित्क अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मेडिकल कालेज में जांच नही हो रही है। यहां एक्सरे जैसी आम सुविधा भी उपलब्ध नही है। इसलिए जांच के लिए मरीजों को नागरिक अस्पताल भेजा जाता है। कालेज में मरीज भी बहुत कम आते हैं। यहां औसतन 50 मरीज ही आते हैं। ऐसे में यहां पर कार्यरत चिकित्सक खाली बैठे रहते हैं और मरीजों का इंतजार करते रहते हैं। काग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि हैबतपुर मेडिकल कालेज में सरकार को तुरंत सुविधाएं बढ़ानी चाहिए और चिकित्सकों की नियुक्ति करनी चाहिए।

**सभी प्रकार की सुविधाएं शुरू होंगी**

मेडिकल कालेज के डायरेक्टर डा. राजीव महेंदरू ने बताया कि शुरूआती चरण में कुछ परेशानियां आती हैं। जींद के साथ-साथ आसपास के जिलों के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। मेडिकल कालेज में जल्द ही सभी प्रकार की सुविधाएं शुरू हो जाएंगी। चिकित्सकों की भर्ती की जा रही है।

**डेपुटेशन पर मेडिकल कॉलेज भेजा**

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि कुछ चिकित्सकों को रोटेशन के हिसाब से भी भेजा जाता है ताकि नागरिक अस्पताल का काम भी चलता रहे और मरीज परेशान नहीं हों। फिलहाल नागरिक अस्पताल से चिकित्सकों को डेपुटेशन पर मेडिकल कालेज भेजा गया है।

# रंगदारी मांगने वालों की गिरफ्तारी की मांग

**हरियाणा में अपराधियों पर सरकार का कोई अंकुश नही : रिषिपाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा है कि प्रदेश में अपराध और अपराधियों पर सरकार का बिल्कुल भी अंकुश नहीं रहा है। कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और अपराधी अब खुलेआम जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और राजनेताओं से रंगदारी मांग रहे हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक और सरकार की नाकामी को दर्शाती है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि कांग्रेस नेता और निजी अस्पताल संचालक अशोक मलिक को बदमाशों ने धमकी भरे ऑडियो संदेश भेजे हैं और पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। यह पहली बार नहीं है जब किसी नेता या व्यापारी को धमकियां मिली हों लेकिन सरकार और पुलिस प्रशासन अब तक अपराधियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और अशोक मलिक को सुरक्षा भी मुहैया कराई गई है लेकिन सिर्फ सुरक्षा देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। जब तक इन अपराधियों को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई नहीं की जाती. तब तक समाज में भय का माहौल बना रहेगा।

**उच्च स्तरीय जांच कराई जाए**



रिषिपाल हैबतपुर ने चेतावनी दी कि अगर पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करता तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता लगातार बढ़ते अपराधों से परेशान है और सरकार अपराधियों पर नियंत्रण रखने में पूरी तरह असफल साबित हो रही है। उन्होंने यह भी मांग की कि अशोक मलिक को धमकी देने वालों को शीघ्र गिरफ्तार करने के साथ-साथ पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ताकि भविष्य में कोई भी अपराधी इस तरह की दुस्साहसिक हरकत करने की हिम्मत न कर सके।


जुलाना। मंडी में धान की बोली करते खरीददार। फोटो :हरिभूमि

## आज मंडी रहेगी बंद, होगा उठान कार्य

**जुलाना।** जुलाना की अनाज मंडी में इन दिनों धान की आवक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। मंडी में धान से हर जगह बोरे भरे नजर आ रहे हैं। जिससे मंडी परिसर पूरी तरह से धान से अट गया है। अबतक मंडी में 4,27,457 क्विंटल धान की आवक दर्ज की जा चुकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 81 प्रतिशत अधिक है। मुख्य रूप से बासमती और 1509 किस्म की धान की आवक सबसे ज्यादा रही है। बासमती1121 किस्म की आवक इस बार 2,99,536 किवंटल पहुंच गई। जो पिछले साल की 1,32,250 क्विंटल के मुकाबले 126 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। इसी तरह 1509 किस्म की धान में भी 22 प्रतिशत बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। भारी आवक के चलते आज में नई खरीद बंद रहेगी और केवल उठान कार्य किया जाएगा ताकि पहले से आई फसलों को गोदामों तक पहुंचाया जा सके। बाजरे की कुल आवक इस वर्ष 6,797 क्विंटल रही। जबकि कपास की आवक में 30 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

### माता मनसा देवी के दर्शन को पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

**पुण्डरी।** एकादशी के पावन अवसर पर फतेहपुर स्थित माता मनसा देवी व माता वाला सुंदरी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तडके चार बजे माता रानी के पवित्र स्नान और विशेष पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मंदिर प्रांगण 'जय माता दी' के जयघोषों से गूंज उठा और वातावरण भक्ति व श्रद्धा से सराबोर हो गया। पुजारी संजीव शर्मा व कपिल शर्मा ने बताया कि एकादशी के दिन महामाई के स्नान का विशेष महत्व होता है। उन्होंने कहा कि इस पावन दिन माता के जलाभिषेक से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और घर-परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है। माता मनसा देवी तीर्थ सभा के प्रधान संजीव वालिया ने मंदिर की ऐतिहासिक महिमा और आस्था की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह स्थान प्राचीन काल से भक्तों की अटूट श्रद्धा का केंद्र रहा है।

### ओवरलोड वाहनों से नागरिक परेशान

**कलायत।** ओवरलोड वाहनों के कारण नगर के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धान के सीजन के दौरान तो समस्या और भी बढ़ गई है। ओवरलोड वाहनों के कारण रेलवे रोड स्थित कैची चौक, गर्ल स्कूल के सामने श्री कपिल मुनि रोड बार-बार जाम की स्थिति बन रही है। नेशनल हाईवे से अनाज मंडी को जोड़ने वाले एकमात्र रेलवे रोड पर धान के सीजन में ओवरलोड वाहनों की बड़ी संख्या में आवाजाही बढ़ गई है। इस कारण दुर्घटना का खतरा और भी बढ़ गया है। स्थानीय निवासी रवि कुमार और विनोद ने बताया शनिवार रात्रि करीब 9 बजे अनाज मंडी से कैची चौक की तरफ जा रहे ओवरलोड ट्रक से अचानक धान की बोरियां सड़क पर गिर गईं गनीमत रही थी आसपास कोई वाहन या व्यक्ति मौजूद नहीं था नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय निवासी व दुकानदार राजू खुराना अमित गुप्ता अनिल कुमार ने बताया कि कलायत अनाज मंडी से नेशनल हाईवे को जाने के लिए रेलवे रोड ही एकमात्र रास्ता है । अन्य कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं होने के कारण रेलवे रोड पर हर समय ओवरलोड वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है।


कलायत। कैची चौक के नजदीक लगा जाम। फोटो :हरिभूमि


ढांड। प्रवचन सुनते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### श्री हंस जयंती धूमधाम से मनाई

**ढांड।** सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक एवं सामाजिक संस्था मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में 125वीं श्री हंस जयंती का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला कौल में धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर सद्गुरु देव श्री सतपाल महाराज की आत्मानुभवी शिष्याएँ महात्मा सुनीता बाई जी एवं अनुपमा बाई ने अपने प्रवचनों और भजनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से सरोबार कर दिया।महात्मा बाई ने अपने सत्संग में बताया कि योगीराज श्री हंस जी महाराज का अवतरण 8 नवंबर 1900 को हुआ था। उन्होंने स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज से अध्यात्म ज्ञान की दीक्षा लेकर आत्मसाक्षात्कार प्राप्त किया। श्री हंस महाराज ने अध्यात्म के प्रचार के लिए पैदल, साइकिल, बैलगाड़ी और मोटरगाड़ी से यात्रा कर करोड़ों लोगों की सुप्त आत्मा को जागृत किया।बाई जी ने कहा कि जो भी व्यक्ति श्री हंस महाराज की शरण में आया, वह सदा उनके प्रेम और ज्ञान का भागी बना रहा। योगीराज परम संत सद्गुरु देव महाराज 20वीं सदी के ऐसे सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु रहे, जिन्होंने शांति, एकता, अखंडता और सद्भावना का संदेश दिया।

### वरिष्ठ नागरिक सहायता शिविर का आयोजन

**कैथल।** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में सुविधा, आत्मनिर्भरता और सम्मान बढ़ाने के उद्देश्य के लिए कैथल जिले में "वरिष्ठ नागरिक सहायता शिविर" आयोजित किए जा रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए ये शिविर भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत और सांसद नवीन जिन्दल के सहयोग से कैथल के ब्लॉक कैथल,चीका, कलायत, पुंडरी और राजौंद में आयोजित हो रहे हैं। ये शिविर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, ऐल्मिको (मोहाली) और जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, कैथल के साथ मिलकर आयोजित किए जा रहे हैं। सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल सदैव सेवा समर्पण की भावना जनकल्याण के कार्यों में हमेशा आगे रहते हैं। इन शिविरों का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर कमजोर समाज के उन वरिष्ठ नागरिकों तक पहुंचना है जो सुनने, देखने, चलने या पकड़ने की क्षमता में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। इन शिविरों में सभी सहयोगी संस्थाओं से मिलकर विशेषज्ञ चिकित्सक वरिष्ठ नागरिकों की जांच करेंगे।

**यहां लगेंगे शिविर :** उन्होंने बताया कि इन शिविरों का आयोजन 3 नवम्बर को न्यू रेडक्रॉस भवन, कचहरी रोड कैथल, 4 नवम्बर को कार्यालय खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी चीका, 5 नवम्बर को कार्यालय खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, कलायत 6 नवम्बर को कार्यालय खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, पूंडरी, और 7 नवम्बर को कार्यालय खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, राजौंद में होगा। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की धरोहर हैं। उनके सुख, स्वास्थ्य और गरिमा की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार वरिष्ठ नागरिकों के लिए अनेक जन-कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, और राष्ट्रीय वयोश्री योजना उनमें से एक महत्वपूर्ण योजना है।


जींद। कैंप में भाग लेने गए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### राज्य स्तरीय कैंप में छाए जींद के स्काउट

**जींद।** हरियाणा राज्य भारत स्काउट एंड गाइड के प्रशिक्षण केंद्र अंबाला कैंट में चार दिवसीय कैंप का आयोजन 29 अक्टूबर से एक नवंबर तक किया गया। सोमबीर स्काउट मास्टर के नेतृत्व में जिला जींद के दालमवाला पब्लिक स्कूल से पांच और ब्लू बर्ड मॉन्टेसरी स्कूल के सात स्काउट ने भाग लिया कैंप के दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई गई। सभी गतिविधियों में जिला जींद के स्काउट का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। कैंप के दौरान पायनियरिंग प्रोजेक्ट बनवाए गए और फस्ट एड सिखाई गई। जिला जींद के गुरमीत को बेस्ट स्काउट चुना गया। कैंप के दौरान आर्यन, विनय, कपिल, दक्ष, रमन, मोहित, दक्ष, कार्तिक, नितिन, लविश, मनाव स्काउट का भी प्रदशन सराहनीय रहा।


राजौंद। चेयरमैन व उप चेयरमैन को पदभार ग्रहण करवाते हुए, जनता को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री तथा कार्यक्रम में मौजूद समर्थक।

### चेयरमैन-उप चेयरमैन ने पदभार ग्रहण किया

**राजौद।** राजौंद मार्केट कमेटी कार्यालय में मार्केट कमेटी के चेयरमैन व उप चेयरमैन ने सादगी समारोह में अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कुछ दिन पूर्व भारतीय जनता पार्टी द्वारा नियुक्त किए गए राजौंद मार्केट कमेटी के चेयरमैन बलिंद्र रापड़िया व वाइस चेयरमैन राजेश राणा ने अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा, जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, जिला प्रभारी अमरपाल राणा, सांसद जिंदल कार्यालय प्रभारी युवा भाजपा नेता रविंदर धीमान, भाजपा बालू मंडल अध्यक्ष नरेंद्र जुलानी खेड़ा, राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल, जाखौली मंडल अध्यक्ष अनील मलिक ने उनको शुभकामनाएं। पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि भाजपा की स्पष्ट नीति रही है सबका साथ सबका विकास। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने वह सभी वादे पूरे कर दिए हैं जो 2014 में सत्ता में आने से पहले किए थे। उन्होंने कहा कि किठाना अनाज मंडी को सब यार्ड बनाने के बाद उनके मन में था कि राजौंद मार्केट कमेटी का भी अध्यक्ष होना चाहिए।

## पानी की निकासी न होने से राहगीर परेशान

### सर्विस रोड पर नाला ओवरफ्लो, नारेबाजी कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना हाइवे के दोनों तरफ सर्विस रोड पर बने पानी निकासी को लेकर नाला बना हुआ है। ये जगह-जगह से टूटे हुए है तो इनमें पानी की निकासी नहीं होने से गंदे पानी से लबालब ये भरे है। ओवर फ्लो होने के बाद सर्विस रोड पर पानी भरने से आने-जाने वालों के साथ-साथ दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। से समस्या कोई नई नही है बल्कि सर्विस रोड बनने के बाद से ही ये समस्या है। नाला में जो पानी बारिश का भरता है उसकी निकासी नहीं हो पाने से ये पानी से लबालब भरे रहते है तो ओवरफ्लो होकर पानी रास्ते में भर जाता है। कई बार इसको लेकर शिकायत कर चुके है लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। राजेंद्र, सुनील, अमन ने कहा कि जो पानी निकासी को लेकर सर्विस रोड के साथ लगते दोनों तरफ नाला बनाया गया है उससे पानी की निकासी नहीं होती है। ये जगह-जगह से टूटे है तो पानी निकासी नहीं होने से ओवर फ्लो होकर पानी रास्ते में भर रहा है। जगह.जगह ये टूटे हुए है। जो नालों के लिए ऊपर स्लेप बनी हुई है वो भी कई जगह तो ही नहीं तो कई जगह नालों के अंदर गिर चुकी है। एसडीएम दलजीत सिंह ने कहा कि ये समस्या उनके समाधान शिविर में आई थी।


उचाना। सर्विस रोड पर भरा गंदा पानी। फोटो :हरिभूमि


जींद। यज्ञ में आहुति देते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### यज्ञ दुनिया का सर्वश्रेष्ठ कर्म : सुरेश शास्त्री

**जींद।** आर्य शहर समाज में साप्ताहिक वैदिक सत्संग में पहले हवन, भजन और प्रवचन हुए। रविवार के मुख्य यजमान डा. रणबीर राठी आर्य और उर्मिला आर्या, यजमान शहर समाज की महामंत्री विनीता आर्या, आनंद आर्य, कृष्ण सोनी आर्य, विश्वबंधु आर्य रहे। समाज के पुरोहित सुरेश चंद्र शास्त्री ने हवन यज्ञ संपन्न कराया और कहा कि यज्ञ दुनिया का सर्वश्रेष्ठ कर्म है जिससे पूरे विश्व का कल्याण होता है। शहर समाज के प्रधान मास्टर राजबीर आर्य ने कहा कि हवन यज्ञ करने से घर में, तन में और मन में शुद्धिकरण होता है और मनुष्य चरित्रवान, बलवान और गुणवान होता है और समाज में सुधार होता है। फिर वो देश मजबूत और महान बनता है। शहर समाज के प्रवक्ता डा. रणबीर राठी आर्य ने बताया कि प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक वैदिक सत्संग होता है लेकिन 28, 29 और 30 नवंबर को वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रवक्ता डा. रणबीर राठी आर्य ने बताया कि यह एक विशाल भव्य कार्यक्रम होगा। जिसमें शहर से गांव से सभी श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे और ज्ञान के सागर में डुबकी लगाने का आनंद लेगे।

## शिक्षकों के लिए 'स्ट्रेस मैनेजमेंट' इन-हाउस कार्यशाला का सफल आयोजन

# आज शिक्षकों के समक्ष अनेक मानसिक चुनौतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

तनावमुक्त शिक्षक, प्रेरणादायी विद्यार्थी—इसी भाव को साकार करते जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में रविवार, 2 नवंबर को 'स्ट्रेस मैनेजमेंट' विषय पर प्रेरणादायी इन-हाउस कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता एवं कार्यशाला संयोजिका मिस लिपिका वाधवा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात मिस लिपिका वाधवा का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया। कार्यशाला के दौरान मिस लिपिका वाधवा ने शिक्षकों को तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक उपाय, आत्मनियंत्रण विकसित करने की तकनीकें तथा कक्षा में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के प्रभावी तरीके बताए। माइंडफुलनेस, श्वास-प्रश्वास तकनीक, ध्यान अभ्यास एवं विश्राम के सरल उपाय सिखाते तनाव के भौतिक, मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि छोटे-छोटे परिवर्तन शिक्षक की दिनचर्या में मानसिक संतुलन और कार्यकुशलता ला सकते हैं। साथ ही संवाद कौशल, समय प्रबंधन, और सहकर्मी सहयोग जैसे विषयों पर भी उन्होंने व्यावहारिक सुझाव साझा किए। प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता ने कहा कि आज के समय में शिक्षकों के समक्ष अनेक मानसिक चुनौतियाँ हैं जिनसे निपटने के लिए इस प्रकार की इन-हाउस कार्यशालाएँ अत्यंत आवश्यक हैं।



जाट शाईनिंग स्टार के प्रिंसिपल पंकज गुप्ता अध्यापिकाओं को सर्टिफिकेट देते हुए।

**सकारात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न**

कहा कि तनावमुक्त शिक्षक ही विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच का संचार कर सकते हैं। जाट हाई स्कूल सोसाईटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने कार्यशाला की सराहना करते कहा कि यह पहल शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। समिति के उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि दुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन तथा सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने आयोजन को विद्यालय के आत्मविकास और प्रेरणा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।कार्यशाला के समापन सत्र में शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते कहा कि यह सत्र उनके लिए अत्यंत उपयोगी और ऊर्जा देने वाला रहा। प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता ने मिस लिपिका वाधवा को स्मृति-चिन्ह और एक पौधा भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ, जिसने सम्पूर्ण विद्यालय परिवार को आत्मविकास, संतुलन और नयी प्रेरणा से जोड़ दिया।


कैथल। रत्नावली ट्रॉफी विजेताओं के साथ प्रिंसिपल व अन्य प्राध्यापक गण।

### आरकेएसडी कॉलेज ओवरऑल विजेता

**कैथल।** स्थानीय आरकेआर केएसडी कॉलेज के सांस्कृतिक विधाओं के विजेता विद्यार्थियों के कालेज प्रांगण में पहुंचने पर समस्त कालेज प्रशासन ने भव्य अगवानी की। प्रधान प्रबंधन समिति एवं आरवीएस अश्वनी शोरेवाले, उपप्रधान श्याम बंसल, पंकज बंसल महासचिव, आरवी एस एवं प्रबंधन समिति, पूर्व प्रधान साकेत मंगल एडवोकेट, प्राचार्य डॉ गगन मित्तल एवं प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ एस एस पाहवा ने सांस्कृतिक विधाओं के ओवरऑल इंचार्ज डॉक्टर अशोक कुमार अत्रि, सह-संयोजिका प्रो. ऋचा लांग्यान, डॉ राजीव शर्मा, विधाओं के संयोजकों एवं समस्त प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं बधाई दी। कुरुक्षेत्र विवि, कुरुक्षेत्र में आयोजित चार दिवसीय 38 वें रत्नावली महोत्सव में ऐतिहासिक जीत के साथ आरकेएसडी कॉलेज ओवरऑल विजेता रहा। इसके अलावा थियेटर एवं फाक हेंडीक्राफ्ट वर्ग की ट्राफीयां भी प्राप्त की। महाविद्यालय ने कुल 34 विधाओं में से 24 विधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर ओवरऑल ट्रॉफी जीती। 08 विधाओं में प्रथम एवं 06विधाओं में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप



### गली में भरे कीचड़ से लोग परेशान

**राजौंद ।** नगर पालिका कार्यालय के साथ-साथ पैक्स वार्ड नंबर 3 व 4 मडंवाल रोड को जाने वाली गली में भरे कीचड़ से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वार्ड निवासी विशाल, विनोद, कुशल, श्याम, सुंदर ने बताया कि पिछले दिनों सीवरेज की पाइपलाइन दबाने के बाद इसकी स्थिति और भी बद से बदतर हो गई है। लोगों ने बताया कि पूरे नगर की गलियों को संबंधित विभाग द्वारा सीवरेज की पाइपलाइन दबाने के लिए उखाड़ कर रख दिया है। किसी भी गली को ठीक नहीं किया जा रहा।

### पेंशनर नवंबर में जीवन प्रमाण पत्र जमा कराए

**जींद ।** जिला कोषाधिकारी हजारा सिंह ने बताया कि जिला जींद के सदर खजाना कार्यालय जींद एवं इसके अधिनस्थ उप खजाना कार्यालय जुलाना, नरवाना, पिल्लूखेड़ा, उचाना, सफीदों एवं अलेवा में हरियाणा सरकार से सेवानिवृत पेंशनरों द्वारा पेंशन को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए आगामी माह नवंबर 2025 में ऑनलाइन माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र, गैर विवाह प्रमाण पत्र एवं गैर रोजगार प्रमाण पत्र जमा किए जाने हैं।

### जिलास्तरीय गीता जयंती महोत्सव 28 नवंबर से

**जींद ।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का श्रद्धाभाव और उत्साहपूर्वक 28 नवंबर से एक दिसंबर तक आयोजन किया जाएगा। गीता महोत्सव का हवन यज्ञ के साथ शुभारंभ होगा। इसके बाद तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालय सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा भी आकर्षक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समा बांधा जाएगा।

### आज हरियाणावासी होना बन चुका गौरव का प्रतीक

**नरवाना ।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य रघुभूषण लाल ने हरियाणा दिवस पर विद्यार्थियों को बताया कि एक नवंबर 1966 को जब हमारे प्रांत का गठन हुआ था। तब यह शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, सड़कों और अन्य ढांचागत सुविधाओं के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ था। पिछले उनसठ वर्षों में हमारे प्रांत में इन क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है।

### खाद की चल रही कालाबाजारी : ढाकल

**जींद ।** अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य प्रधान मास्टर बलबीर सिंह के नेतृत्व में नरवाना में 1293वें दिन भी धरना जारी रहा। किसान नेता बलदेव ढाकल ने मंडियों में सरकार द्वारा किसानों की अनदेखी की जा रही है। उनकी आधी जीरी खेतों में पड़ी है और सरकार कहती है टारगेट पूरा हो गया है। टारगेट पूरा कैसे हुआ और बाहर कहां से जीरी आई इसकी किसी को जानकारी नहीं है। धरने की अध्यक्षता निहाल सिंह ने की तो संचालन महेंद्र धर्मगढ़ ने किया।

### भ्रष्टाचार का जाल, जंजाल आर्य संस्कृति के विरुद्ध

**जींद ।** आर्य समाज नरवाना संबद्धता आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा दयानंद मठ रोहतक ने प्रधान चंद्रकांत आर्य के नेतृत्व में केएम कालेज में यज्ञ किया। डा. प्रताप आर्य ने भजन एवं गीतों के माध्यम से ईश्वर की सृष्टि रचना और महर्षि दयानंद तथा आर्य समाज का गुणगान किया। आर्य समाज प्रधान चंद्रकांत आर्य ने कहा कि समाज में भोग, विलास, लोभ, लालच, ईर्ष्या, द्वेष, स्वार्थ के कारण फैले भाई भतीजावाद के भ्रष्टाचार का जाल जंजाल आर्य संस्कृति के विरुद्ध है।

---

## गुरुपर्व के उपलक्ष में नगर कीर्तन चार नवंबर को

# धन गुरु नानक धन बाबा नानक तू ही निरंकार के स्वर चहुंओर गूंजे

**गुरुपर्व को लेकर शहर में प्रतिदिन निकाली जा रही हैं प्रभात फेरियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पहली पातशाही गुरु नानक देव जी के पांच नवंबर बुधवार को मनाए जा रहे गुरुपर्व के उपलक्ष में चार नवंबर को नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। नगर कीर्तन का आयोजन हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी करेगी। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन सुबह 11 बजे ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब से आरंभ हो कर रानी तालाब, पालिका बाजार, सिटी थाना, फव्वारा चौक, रामराये गेट, झांझ गेट से होते हुए सिंह सभा गुरुद्वारा भारत सिनेमा रोड पर पहुंचेगा। वहां से नगर कीर्तन रवाना होकर रुपया चौक, बत्तख चौक, सफीदों गेट, सफीदों रोड, बाबा बंदा सिंह बहादुर चौक, बाल भवन रोड व गोहाना रोड रानी तालाब होते हुए वापसी गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब पर पहुंच कर संपन्न होगा।



**जींद।** सिंह सभा गुरुद्वारा रेलवे जंक्शन की संगत हकीकत नगर में प्रभात फेरी के दौरान गुरु महिमा का बखान करती हुई।

### शब्द कीर्तन से माहौल और भी भक्तिमय



गुरुघर प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव जी के आगमन दिवस की खुशी में शहर के सभी गुरुद्वारों में संगतों के सहयोग से प्रतिदिन प्रभात फेरियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रभात फेरी गुरु नानक आया, सतनाम वाहेगुरु के नारों से गूंजती है। जिससे पूरा वातावरण अल सुबह से ही भक्तिमय हो जाता है। इस दौरान महिलाओं द्वारा गुरुबाणी का पाठ किया जाता है और शब्द कीर्तन से माहौल और भी भक्तिमय हो जाता है। जिन-जिन घरों के सामने से प्रभात फेरी गुजरती है, वे श्रद्धालु अपने घर के पास अरदास करवाते हैं और प्रसाद एवं चाय वितरण करते हैं। प्रभात फेरी का मकसद अमृत वेले गुरबाणी, शब्द कीर्तन, नाम सिमरन करते हुए अकाल पुरख को याद करने का होता है ताकि आने वाला जीवन अच्छा बीते। वहीं गुरु नानक देव जी के संदेशों को घर-घर तक पहुंचाया जाए और एकता व भाईचारे का संदेश दिया जाए।

### आज से गुरुद्वारा में शुरू होंगे अखंड पाठ

गुरुद्वारा साहिब के मैनेजर गुरविंदर सिंह चौगामा ने बताया कि गुरपर्व की खुशी में गुरुद्वारा साहिब में तीन नवंबर सोमवार को प्रातः 10 बजे गुरू ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ आरंभ किए जाएंगे जिनका भोग गुरपर्व वाले दिन पांच नवंबर बुधवार को प्रातः नौ बजे डाला जाएगा। उसके उपरांत गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक दीवान सजाया जाएगा। जिसमें बाहर से आए रागी जत्थे, कथा वाचक निरोल गुरबाणी एवं कथा प्रवचनों द्वारा गुरु की महिमा का गुणगान करेंगे। हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य करनैल सिंह निम्नाबाद ने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहिब के प्रदेश स्तर पर मनाए जा रहे 350 साला शहीदी गुरपर्व को समर्पित धार्मिक कार्यक्रम व नगर कीर्तन एक नवंबर से शुरू हो चुके हैं। जोकि 25 नवंबर तक पूरे प्रदेश में बड़ी श्रद्धा एवं उल्लास से मनाये जाएंगे।

---

## गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 21 को प्रवेश करेगी यात्रा



कैथल। मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह अधिकारियों को निर्देश देते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

**यात्रा को लेकर ओएसडी ने ली अधिकारियों की बैठक**

मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा में चार यात्राएं निकाली जा रही हैं। जिनमें से एक यात्रा आठ नवंबर को सिरसा के रोड़ी से शुरू होगी। यह यात्रा 21 नवंबर को कैथल में गढ़ी गांव से प्रवेश करेगी। जहां से सांघन सहित विभिन्न गांवों से होते हुए कैथल पहुंचेंगी। रात्रि ठहराव कैथल गुरु नीम साहब गुरुद्वारे में होगा। जहां से अगली सुबह यह यात्रा कैथल से सीवन, पोलड़, कांगथली, डेरा कारसेवा होते हुए चीका से आगे के रूट पर जाएगी। कैथल में यात्रा के रूट पर अधिकारी निर्बाध यातायात व्यवस्था, चुस्त-दुरुस्त के निर्देश दिए है।

### मौजूद रहे

इस अवसर पर शिव शंकर पाहवा, सतविंद्र सिंह, गुरमान सिंह, हरकिर्तन सिंह, बलदेव सिंह, डॉ. दिलवर सिंह, सतनाम सिंह, संदीप नैन, अश्वनी अग्रवाल, गुरचरण सिंह, अमरजीत सिंह, बहादुर सिंह, दीपेंद्र सिंह कोहली, गुरमीत सिंह के अलावा विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी व अधिकारीगण मौजूद रहे।

### आवश्यक प्रबंध के निर्देश

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों बलविंद्र सिंह भिंडर व बलदेव सिंह हाबड़ी ने यात्रा के स्वागत सहित रागी-टाडी जत्थों, कथावचकों की व्यवस्था करने सहित यात्रा के रात्रि प्रवास के दौरान सभी आवश्यक प्रबंध करने का आश्वासन दिया। सभी का आह्वान किया कि मर्यादा का पालन करते हुए यात्रा संबंधी कार्यक्रमों में भाग लें।

---

# एसडीएम की बड़ी पहल: कलायत मंडी में धान उठान विवाद का पटाक्षेप, गतिरोध समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत अनाज मंडी में पिछले कुछ दिनों से धान के उठान को लेकर ट्रांसपोर्टर यूनियन और मंडी व्यापारियों के बीच चला आ रहा गतिरोध बृहस्पतिवार को समाप्त हो गया। एस डी एम अजय हुड्डा की निर्णायक मध्यस्थता के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी और ट्रक यूनियन सदस्यों ने तुरंत काम सुचारू रूप से शुरू कर दिया है। इस विवाद के चलते मंडी में किसानों और व्यापारियों को भारी जाम और अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा था।

बुधवार को मंडी व्यापारियों की तरफ से प्रधान अनिल गालव, अजय प्रताप राणा, संदीप कुमार और ट्रक यूनियन सदस्यों की तरफ से प्रधान काला, महावीर शर्मा, रिंकू राणा, बिजेंदर सहारन ने एसडीएम अजय हुड्डा को संयुक्त रूप से समस्या से अवगत करवाया था। एस डी एम ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत दोनों पक्षों से बातचीत की और हल निकालने का प्रयास किया।



**कैथल।** मंडी में सुचारू हुई धान की ढूंलाई। फोटो: हरिभूमि

मंडी प्रधान अनिल गालव ने व्यापारियों का पक्ष रखते हुए स्पष्ट किया कि मंडी में धान का उठान समय पर नहीं हो पा रहा था, जिसके कारण अंदर लगातार जाम की स्थिति बनी रहती थी, और इसी वजह से व्यापारियों और अनाज बेचने आ रहे किसानों को असहनीय परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बृहस्पतिवार को एस डी एम अजय हुड्डा की मौजूदगी में हुई निर्णायक बैठक के बाद दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक सहमति बन गई। उधर, ट्रक यूनियन प्रधान काला ने सहमति पर खुशी जताई।

### दोनों पक्षों से बातचीत

एसडीएम अजय हुड्डा ने इस समझौते को सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि दोनों पक्षों में बातचीत के बाद आपसी समझौता हो गया है और मंडी में कार्य अब सुचारू रूप से चल रहा है। एसडीएम ने यह भी सुनिश्चित किया कि मंडी में किसी प्रकार का नया गतिरोध पैदा न हो और किसी को कोई परेशानी न हो, इसके लिए पुलिस टीम लगातार ड्यूटी पर तैनात रहेगी और स्थिति पर पैनी नजर रखी जाएगी।

---

# माता गुजरी पब्लिक स्कूल कांगथली में दिखी हरियाणवी संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

**बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा और आकर्षक प्रस्तुतियां दी**

माता गुजरी पब्लिक स्कूल कांगथली में हरियाणा दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे स्कूल परिसर में सुबह से ही बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सभी विद्यार्थी अपने-अपने घरों से आकर्षक और रंग-बिरंगी हरियाणवी पारंपरिक पोशाक पहनकर स्कूल पहुंचे, जिससे पूरा विद्यालय परिसर हरियाणवी संस्कृति की झलक से सराबोर हो गया। इस अवसर पर स्कूल में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने हरियाणा की संस्कृति, गौरव और समृद्धि को प्रदर्शित करने वाले अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने "छोरा यो हरियाणा का", "दुनिया में लहरावे तिरंगा", "हरियाणा की शान या छोरी" जैसी शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित सभी शिक्षकों और अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छात्रों ने हरियाणा के लोकगीतों, नृत्यों और संवादों के माध्यम से राज्य की परंपरा और गौरवशाली इतिहास को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मंच संचालन वरिष्ठ विद्यार्थियों ने किया।




माता गुजरी स्कूल में नाटक में भाग लेते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

---

# भाजपा सरकार ने महिलाओं को दिया पूरा मान सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

**लाडो लक्ष्मी योजना की पहली किश्त जारी : डा. पुष्पा**

भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में शुरू की गई लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के आत्मसम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

डा. तायल ने बताया कि सरकार ने योजना के तहत पहली किश्त महिलाओं के खातों में डाल दी है जिससे हजारों लाभार्थी परिवारों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि यह योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को और मजबूती देगी तथा समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देगी। भाजपा सरकार ने हमेशा महिला वर्ग को प्राथमिकता दी है। चाहे वह उज्ज्वला योजना, जन धन खाते, आवास योजना या अब लाडो लक्ष्मी योजना हो, सभी का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।



डा. पुष्पा तायल का

---

# जिला सैनी सभा का नये प्रधान बने पिरथी सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला सैनी सभा का नया प्रधान पिरथी सैनी सीवन को चुना गया है। रविवार को चंदाना गेट सैनी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित हुए चुनाव में पिरथी सैनी ने अपने प्रतिद्वंदि पाला राम सैनी को 261 वोटों के भारी अंतर से हरा दिया। पिरथी सैनी को कुल 430 वोटों में से 344 वोट, पाला राम सैनी को 83 वोट मिले। प्रधान पद के 3 वोट रद्द पाए गए। चुनाव अधिकारी लाल चंद सैनी, सह-चुनाव अधिकारी शशी सैनी व बलबीर पटवारी ने बताया कि इसके अलावा महासचिव पद पर रामबीर (लीलू) सैनी को चुना गया। लीलू सैनी को 361 वोट व बलबीर सैनी को 66 वोट मिले हैं। 3 वोट रद्द पाए गए। हालांकि चुनाव से पहले ही बलबीर सैनी ने लीलू सैनी को अपना समर्थन दे दिया था। कोषाध्यक्ष पद पर जगरूप सैनी को 241 वोटों से विजयी चुना गया है।



### चुनाव प्रक्रिया सुबह 8 बजे से सांय 4 बजे तक चली

शशी सैनी ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया सुबह 8 बजे से सांय 4 बजे तक चली। चुनाव के दौरान कोई विवाद नहीं हुआ। 508 वोटों में से 430 वोट डाली गई थी, जिसमें तीनों पदों के लिए 3-3 वोट रद्द पाई गई थी। जीते हुए उम्मीदवारों को चुनाव रिजल्ट के बाद सर्टीफिकेट भी दिया गया है। उपप्रधान पद पर जगरूप सैनी व सह-सचिव पद पर लक्ष्मण मास्टर सजूमा को पहले ही सर्वसम्मति से चुना जा चुका था। प्रधान पिरथी सैनी ने कहा कि यह भाईचारे का चुनाव था, जो कि पिछले कई वर्षों से नहीं हो पा रहा था। समाज के लोग काफी समय से प्रयास कर रहे थे कि चुनाव हो, ताकि जिला सैनी सभा के अधूरी धर्मशाला को पूरा किया जाए।

---

# भक्ति भाव में डूबीं महिलाएं, तुलसी पूजन से गूंजा पूरा वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुण्डरी

देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर नगर में धार्मिक उल्लास और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार तुलसी पूजन कर परिवार और समाज की खुशहाली की मंगल कामना की। एकता शाह, अंजली गुप्ता, गीता, नंदनी, प्रोमिला गोयल, पूजा और प्रियंका सहित अनेक महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में सजे थालों के साथ तुलसी विवाह में भाग लिया। पूजन से पहले महिलाओं ने तुलसी माता को फूल, दीपक, मिठाई और जल अर्पित किया। उन्होंने पारंपरिक गीतों की मधुर धुनों पर थालियां घुमाते हुए भक्ति रस में लीन होकर आरती उतारी। पूरे माहौल में घंटियों की मधुर ध्वनि और /"जय तुलसी माता/" के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर महिलाओं ने कहा कि तुलसी विवाह न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति में वैवाहिक जीवन की पवित्रता और पारिवारिक एकता का प्रतीक पर्व भी है।



---

## भारत सहित विदेशों से भी ढुल समाज के सैकड़ों प्रतिनिधि, शिक्षाविद, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए

# अंतरराष्ट्रीय ढुल सम्मेलन में शिक्षा, संस्कार व सामाजिक एकता का संदेश दिया

**कार्यक्रम का संचालन जोगिंदर ढुल और डॉ. बलजीत ढुल ने किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

प्रबंध निदेशक डॉ. बलविंदर ढुल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और कहा कि समाज की उन्नति के लिए तकनीक और शिक्षा का संगम आवश्यक है। तकनीक वह साधन है जो हमें आधुनिक युग की चुनौतियों से लड़ने की क्षमता देता है। किसी भी समाज की तरक्की की नींव तीन स्तंभों पर टिकी होती है शिक्षा वह दीपक है जो अज्ञान के अंधकार को मिटाता है। संस्कार वह दिशा है जो इंसान को मानवता के पथ पर चलना सिखाता है। और तकनीक वह साधन है जो हमें आधुनिक युग की चुनौतियों से लड़ने की क्षमता देता है। अगर शिक्षा जीवन को बुद्धिमान बनाती है, तो संस्कार उसे मानवीय बनाते हैं। और जब इन दोनों के साथ तकनीकी ज्ञान जुड़ जाता है, तो व्यक्ति केवल सफल नहीं, बल्कि समाज के लिए उपयोगी बनता है। आज का युग ज्ञान और तकनीक का युग है। अब सफलता का अर्थ केवल सरकारी नौकरी तक सीमित नहीं रह गया है। आज अवसर हर क्षेत्र में हैं — कृषि में आधुनिक मशीनें, उद्योगों में ऑटोमेशन, व्यापार में डिजिटल प्लेटफॉर्म, और शिक्षा में ऑनलाइन लर्निंग जैसी क्रांतियाँ हो रही हैं। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम आने वाली पीढ़ी को शिक्षित, संस्कारित और सक्षम बनाकर उन्हें वह आधार दें जिस पर समाज की नई कहानी लिखी जा सके। लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि तकनीक से तरक्की होती है, पर संस्कार से स्थिरता आती है। अगर तकनीक के साथ नैतिकता न हो तो प्रगति खोखली साबित होती है। इसलिए, बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ ईमानदारी, अनुशासन और आदर के मूल्य भी सिखाने होंगे। पीएचडी, एमबीबीएस, इंजीनियरिंग और सिविल सेवाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को मंच पर बुलाकर सम्मान पत्र और प्रतीक चिह्न प्रदान किए गए। शिक्षकों और समाजसेवियों को भी समाज के उत्थान में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया कि ढुल समाज के सभी 53 गांवों में बच्चों के लिए पुस्तकालय (लाइब्रेरी) स्थापित की जाएगी, ताकि हर बच्चे को ज्ञान और अध्ययन की समान सुविधा मिल सके। ढुल खाप के प्रतिनिधि धर्मवीर ढुल ने अपने संबोधन में कहा, खाप किसी भी सरकार से बड़ी होती है। खाप समाज के हित में फैसले लेती है और उन्हें लागू करने की शक्ति रखती है। हमारा उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि समाज का विकास है। अगर सरकार कभी कोताही करती है तो खाप उसे आगाह करती है, क्योंकि खाप का धर्म समाज के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित होता है, तो वह हर चुनौती का सामना करने में सक्षम होता है, और यही ढुल खाप की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध हरियाणवी गायक अमित ढुल ने समाज को समर्पित गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर ढुल खाप के प्रधान और समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने ढुल समाज को समर्पित दो नए गीतों का विमोचन भी किया, जिनमें समाज की एकता, परंपरा और गौरवशाली इतिहास को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया।



**कैथल।** अंतर्राष्ट्रीय ढूल सम्मेलन में छात्राओं को सम्मानित करते हुए ढूल समाज के गणमान्य लोग। फोटो: हरिभूमि

### शिक्षा व्यक्ति को नेतृत्व करने की देती है ताकत

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरपाल सिंह ढुल, अध्यक्ष सर्व ढुल खाप एवं सर्व ढुल खाप कल्याण समिति ने की। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने कहा, शिक्षा व्यक्ति को नेतृत्व करने की ताकत देती है और संस्कार उसे दिशा देते हैं। यही दो शक्तियाँ ढुल समाज को आगे ले जाने का काम करेंगी। हमारी खाप यह सुनिश्चित करेगी कि समाज में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का कोई भी होनहार बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।"उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल पारिवारिक मिलन नहीं, बल्कि समाज की बौद्धिक, सांस्कृतिक और नैतिक चेतना को जागृत करने का प्रयास है। "अंतर्राष्ट्रीय ढुल सम्मेलन" ने यह सिद्ध किया कि जब समाज शिक्षित, संगठित और संस्कारी होता है, तो वह किसी भी दिशा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। यह आयोजन समाज की एकता, जागरूकता और आत्मगौरव का जीवंत प्रतीक बन गया।